संख्या-४१७१/नौ-४-१९-८१ई/०१

प्रेषक,

मनोज कुमार सिंह,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

१-निदेशक, नगर निकाय निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ
२-समस्त नगर आयुक्त, नगर निगम, उ0प्र0।

नगर विकास अनुभाग-४ लखनऊ: दिनांक: २७ नवम्बर, २०१९

विषय: उ0प्र0 पालिका (केन्द्रीयित) अभियंत्रण सेवा संवर्ग के सहायक अभियन्ता (ट्रैफिक) की विस्तारित अन्तिम ज्येष्ठता सूची के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासनादेश संख्या-३१४२/नौ-४-१९-८१ई/०१, दिनांक-०७-११-२०१९ द्वारा उक्त संवर्ग की विस्तारित अन्तिम ज्येष्ठता सूची निर्गत करते हुए आपत्तियाँ मांगी गयी। प्राप्त आपत्तियाँ जिसका विस्तृत उल्लेख प्रस्तर-४ में है, के अनुसार निराकरण करते हुए सम्यक विचारोपरान्त उ0प्र0 पालिका (केन्द्रीयित) सेवा नियमावली, १९६६ में ज्येष्ठता निर्धारण के संबंध में विद्यमान नियम-२१(क) नियम-२४ सपठित उ0प्र0 सरकारी सेवक ज्येष्ठता नियमावली, १९९१ के सुसंगत प्राविधानों का उपयोग करते हुए उ0प्र0 पालिका (केन्द्रीयित) सेवा के सहायक अभियन्ता (ट्रैफिक) की विस्तारित अन्तिम ज्येष्ठता प्रख्यापित की जा रही है।

२- उक्त ज्येष्ठता सूची के निर्माण में लोक सेवा आयोग से सहायक अभियन्ता (ट्रैफिक) के पद पर सीधी भर्ती के माध्यम से चयनित सहायक अभियन्ता (ट्रैफिक) एवं अवर अभियन्ता (ट्रैफिक) की अन्तिम ज्येष्ठता सूची आदेश संख्या-२०६९/नौ-४-९५-१०१ई/९४, दिनांक-१५-०६-१९९५ का उपयोग किया गया।

३- शासनादेश संख्या-१४३४/नौ-४-०६-८१ई/०१, दिनांक-१३-०६-२००६ द्वारा उ0प्र0 पालिका (केन्द्रीयित) प्रवर अभियंत्रण सेवा संवर्ग के सहायक अभियन्ता (ट्रैफिक) के कुल ०९ (क्रमांक-१ से क्रमांक-०९ तक) सहायक अभियन्ता (ट्रैफिक) की अन्तिम ज्येष्ठता निर्धारित की गयी है। तद्नुसार क्रमांक-०९ से आगे क्रमांक-१० से क्रमांक-१४ तक विस्तारित करते हुए सहायक अभियन्ता (ट्रैफिक) की अन्तिम ज्येष्ठता सूची निर्गत की जा रही है।

shasanadesh.up.gov.in

४- उ0प्र0 पालिका (केन्द्रीयित) अभियंत्रण सेवा संवर्ग के सहायक अभियन्ता (ट्रैफिक) की परिचालित की गयी अनन्तिम ज्येष्ठता सूची दिनांक-०७-११-२०१९ पर प्राप्त आपत्तियों एवं अन्य तथ्यों पर सम्यक विचारोपरान्त आपत्तियों को निम्नानुसार निस्तारित करते हुए ज्येष्ठता सूची को अन्तिम रूप प्रदान किया जा रहा है:-

(१)श्री रिजवान अहमद, सहायक अभियन्ता (ट्रैफिक), नगर निगम, मथुरा-वृन्दावन की आपत्ति-

उक्त अनन्तिम ज्येष्ठता सूची दिनांक-०७-११-२०१९ के ज्येष्ठता क्रम संख्या-१० पर अंकित श्री रिजवान अहमद द्वारा अपनी जन्म तिथि दिनांक-०१-०१-१९६५ के स्थान पर दिनांक-०७-११-१९६५ अंकित किये जाने का अनुरोध किया गया है।

आपत्ति का निस्तारण-

उ0प्र0 पालिका (केन्द्रीयित) अभियंत्रण सेवा के सहायक अभियन्ता (ट्रैफिक) का पोषक संवर्ग अवर अभियन्ता (ट्रैफिक) है, जिसकी अन्तिम ज्येष्ठता सूची दिनांक-१५-०६-९५ को प्रकाशित की गयी, जिसमें श्री रिजवान अहमद की जन्म तिथि ०७-०१-१९६५ अंकित है। दिनांक ०७-११-२०१९ को सहायक अभियन्ता (ट्रैफिक) की जारी अनन्तिम ज्येष्ठता सूची में ०१-०१-१९६५ अंकित हो गया है। अत: श्री अहमद की आपत्ति को स्वीकार करते हुए उनकी जन्म तिथि संशोधित करते हुए दिनांक-०७-०१-१९६५ अंकित कर दिया गया है।

(२)श्री मानेन्दु कुमार सिंह, सहायक अभियन्ता (ट्रैफिक), नगर निगम, शाहजहॉपुर की आपत्ति-

उक्त अनन्तिम ज्येष्ठता सूची दिनांक-०७-११-२०१९ के ज्येष्ठता क्रम संख्या-११ पर अंकित श्री मानेन्दु कुमार सिंह ने अपनी शैक्षिक योग्यता का उल्लेख अन्तिम ज्येष्ठता सूची में अंकित किये जाने का अनुरोध किया गया है।

आपत्ति का निस्तारण-

उ0प्र0 पालिका (केन्द्रीयित) अभियंत्रण सेवा के सहायक अभियन्ता (ट्रैफिक) की दिनांक-०७-११-२०१९ को जारी अनन्तिम ज्येष्ठता सूची में शैक्षिक योग्यता अंकित किये जाने के अनुरोध के क्रम में अवगत कराना है कि सहायक अभियन्ताओं के समक्ष उनकी शैक्षिक योग्यता अंकित कर दिया गया है।

(3)श्री अमरेन्द्र गौतम, सहायक अभियन्ता (ट्रैफिक), नगर निगम, फिरोजाबाद एवं श्री नजमी मुजफ्फर, सहायक अभियन्ता (ट्रैफिक), नगर निगम, कानपुर की आपत्ति-

उक्त अनन्तिम ज्येष्ठता सूची दिनांक-०७-११-२०१९ के ज्येष्ठता क्रम संख्या-१२ पर अंकित श्री अमरेन्द्र गौतम एवं क्रमांक-१४ पर अंकित श्री नजमी मुजफ्फर द्वारा लोक सेवा आयोग से चयनित होने के कारण सीधी भर्ती के स्थान पर लोक सेवा आयोग अंकित किये जाने का अनुरोध किया गया है।

<u>आपत्ति का निस्तारण-</u>

उ0प्र0 पालिका (केन्द्रीयित) अभियंत्रण सेवा के सहायक अभियन्ता (ट्रैफिक) की दिनांक-०७-११-२०१९ को जारी अनन्तिम ज्येष्ठता सूची में श्री अमरेन्द्र गौतम एवं श्री नजमी मुजफ्फर द्वारा सीधी भर्ती के स्थान पर लोक सेवा आयोग अंकित किये जाने के अनुरोध के क्रम में अवगत कराना है कि सीधी भर्ती से तात्पर्य लोक सेवा आयोग से ही है, फिर भी श्री अमरेन्द्र गौतम एवं श्री नजमी मुजफ्फर की आपत्ति को स्वीकार करते हुए सीधी भर्ती के स्थान पर लोक सेवा आयोग अंकित कर दिया गया है।

५- उपर्युक्त वर्णित तथ्यों पर प्राप्त आपत्तियों का उपरोक्तानुसार निस्तारण करते हुए उ0प्र0 पालिका (केन्द्रीयित) अभियंत्रण (प्रवर) सेवा के सहायक अभियन्ता (ट्रैफिक) की रिट याचिका संख्या-१८९६(एस/बी)/२०११ सुरेश चन्द्र बनाम रमेश चन्द्र व अन्य तथा रिट याचिका संख्या-२(एस/बी)/२०११ आशीष कुमार सिंह बनाम राज्य सरकार व अन्य में मा0 न्यायालय द्वारा दिनांक-०५-११-२०१९ को अन्तिम रूप से निर्णित करते हुए मा0 अधिकरण के आदेश दिनांक-०७-१०-२०१० को वैध पाया गया है। अत: मा0 अधिकरण के आदेश दिनांक-०७-१०-२०१० के क्रम में शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या-२७८९/नौ-४-१२-१०५डब्लू/२००७, दिनांक-२०-०७-२०१२ द्वारा निर्गत ज्येष्ठता सूची को अन्तिम मानते हुए उ0प्र0 पालिका (केन्द्रीयित) अभियंत्रण (प्रवर) सेवा के सहायक अभियन्ता (ट्रैफिक) की विस्तारित अन्तिम ज्येष्ठता सूची संलग्न विवरणानुसार प्रकाशित की जाती है।

भवदीय,

मनोज कुमार सिंह
प्रमुख सचिव

<u>संख्या-४१७१/नौ-४-१९-८१ई/०१, तद्दिनांक</u>

प्रतिलिपि संबंधित सहायक अभियन्ता (ट्रैफिक) को उपर्युक्त संदर्भित अधिकारियों के माध्यम से सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

आज्ञा से,

(बृजेन्द्र सिंह)
अनु सचिव

Shasanadesh.up.gov.in

शासनादेश संख्या-४१७१/नौ-४-१९-८१ई/०१, २७ नवम्बर, २०१९ का संलग्नक

उ0प्र0 पालिका (केन्द्रीयित) अभियंत्रण (प्रवर) सेवा के सहायक अभियन्ता (ट्रैफिक) की विस्तारित अन्तिम ज्येष्ठता सूची

क्र सं	ज्येष्ठता क्रमांक	सहायक अभियन्ता (ट्रैफिक) का नाम सर्वश्री/ श्रीमती / सुश्री	गृह जनपद	जन्म तिथि	अवर अभियन्ता (ट्रैफिक) के पद पर नियुक्ति की तिथि	सहायक अभियन्ता (ट्रैफिक) के पद पर नियुक्ति की तिथि	पदोन्नति/सीधी भर्ती (लो से आ)	शैक्षिक योग्यता	वर्तमान तैनाती
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०
१	१०	रिजवान अहमद	आजमगढ़	०७-०५-६५	११-०१-९४	१६-०९-१०	पदोन्नति	डिप्लोमा (सिविल)	न नि मथुरा
२	११	मानेन्दु कुमार सिंह	इटावा	०२-०३-६८	३१-०३-९४	१६-०९-१०	पदोन्नति	डिप्लोमा (सिविल) ए एम आई ई	न नि शाहजहांपुर
३	१२	अमरेन्द्र गौतम	बाराबंकी	१९-०२-८४	-	२१-०३-१३	सीधी भर्ती (लो से आ)	बी0ई0 (सिविल)	न नि फिरोजाबाद
४	१३	आर0के0 तिवारी	रायबरेली	०१-०१-६७	२८-०९-२०००	२६-०२-१५	पदोन्नति	डिप्लोमा (सिविल)	न नि अयोध्या
५	१४	नजमी मुजफ्फर	इलाहाबाद	०३-०७-९१	-	०१-०२-१७	सीधी भर्ती (लो से आ)	बी0 टेक0 (सिविल) एम0 टेक (सिविल) (Environment)	न नि कानपुर

(बृजेन्द्र सिंह)
अनु सचिव

shasanadesh.up.gov.in